तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 31 दिसंबर 2025

[ बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट ]

14 सब स्टेशन रांका में तोड़फोड़ व शासकीय कार्य में ...



13 11 सूत्रीय मांगों पर कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन...



## खबर संक्षेप

### अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई प्रस्ताव पारित

**साजा।** नगर पंचायत की सामान्य सभा सोमवार को आयोजित की जिसमें नगर के विकास को लेकर कई बिंदुओं में चर्चा की गई नगर पंचायत अध्यक्ष हिमांशु वर्मा उपाध्यक्ष प्रेरणा शौर्य जीत सिंह की उपस्थिति में अनेक विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई। सामान्य सभा के दौरान साजा नगर पंचायत में नासूर बन चुके अतिक्रमण को लेकर जमकर चर्चा हुई, विगत दिनों नेता प्रतिपक्ष जनार्दन ठाकुर द्वारा तहसीलदार से शहर के सभी वार्डों में अतिक्रमण हटाने को लेकर ज्ञापन दिया गया था। जिस पर मुहर लगाते हुए सभी सदस्यों ने एकसुर में शहर के अतिक्रमण हटाने पर अपनी सहमति जताते हुए प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से अध्यक्ष हिमांशु वर्मा, उपाध्यक्ष प्रेरणा शौर्य, जीत सिंह, पार्षद कमल राजपूत, पार्वती वर्मा, जगेश ठाकुर, गौकरण साहू, नेहा यादव, दुर्गा गोयल, गोपाल वर्मा व आशीष वर्मा सहित पार्षद गण उपस्थित रहे। सभा सीएमओ बसंत लोन्हारे के उपस्थिति में प्रस्ताव पारित किए गए।

### चाकू लेकर दहशत फैलाने वाले धरे गए

**भिलाई।** लोहे का चाकू लेकर लोगों में दहशत फैलाने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर जालबांधा रोड ग्राम बिरेझर चौक चौकी लिटिया सेमरिया बोरी के पास सड़क किनारे बाइक खड़ा कर चाकू लेकर दहशत फैलाया जा रहा था।

**प्रदर्शन : जिलेभर के धान खरीदी केंद्रों व सोसाइटियों में तालाबंदी**

# धान खरीदी अव्यवस्था के खिलाफ कांग्रेस का आंदोलन







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

धान खरीदी में लगातार अव्यवस्था, सीमित खरीदी और किसानों की उपेक्षा के विरोध में कांग्रेस ने बेमेतरा जिले में में आंदोलन चलाया । पूर्व घो षि त कार्यक्रम के तहत जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों एवं सहकारी सोसाइटियों में तालाबंदी कर जोरदार प्रदर्शन किया गया।

- एक हफ्ते में सुधार नहीं तो चक्काजाम की चेतावनी

इस आंदोलन की अगुवाई जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने सरकार पर किसानों से वादाखिलाफी और जानबूझकर धान खरीदी को बाधित करने का गंभीर आरोप लगाया।

### ऊंट के मुंह में जीरा" साबित हो रही खरीदी लिमिट- आशीष छाबड़ा

ग्राम कन्तेली स्थित सोसाइटी में तालाबंदी के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा कि राज्य सरकार अन्य जिलों में धान खरीदी की लिमिट बढ़ा रही है, लेकिन बेमेतरा जिले में जो वृद्धि की गई है, वह ऊंट के मुंह में जीरा देने के समान है। इस लिमिट में जिले के किसानों की पूरी उपज की खरीदी संभव ही नहीं है।" उन्होंने कहा कि जिले में रकबे और उत्पादन के अनुपात में न तो प्रतिदिन खरीदी की क्षमता है और न ही निर्धारित दिनों में पूरी खरीदी संभव दिखाई दे रही है। ऐसे में सरकार को या तो लिमिट में पर्याप्त बढ़ोतरी करनी होगी या फिर खरीदी अवधि बढ़ानी होगी। उन्होंने बताया तालाबंदी की खबर मिलते ही प्रशासन हरकत में आया और कुछ सोसाइटियों में आधी रात को लिमिट बढ़ाने का आदेश जारी किया गया। कन्तेली सोसाइटी द्वारा 350 क्विंटल की मांग की गई थी, लेकिन राज्य सरकार ने आनन-फानन में केवल 311 क्विंटल की स्वीकृति दी। इसी तरह अन्य सोसाइटियों में भी आंशिक बढ़ोतरी की जानकारी सामने आई है, जिसे कांग्रेस ने नाकाफी और दिखावटी कदम बताया। कांग्रेस का आरोप है कि सरकार की मंशा ही धान खरीदी से बचने की है और इसी कारण किसानों को जानबूझकर परेशान किया जा रहा है।

### कांग्रेस का स्पष्ट अल्टीमेटम आंदोलन होगा तेज

कांग्रेस ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि आज का तालाबंदी कार्यक्रम मात्र सांकेतिक है। यदि एक सप्ताह के भीतर धान खरीदी व्यवस्था में ठोस सुधार नहीं हुआ, तो जिला कांग्रेस कमेटी किसानों के साथ मिलकर सोसाइटियों के सामने चक्काजाम करेगी। यह बात प्रशासन की ओर से मौजूद प्रतिनिधि तहसीलदार के समक्ष भी रखी गई।

### ये रहे उपस्थित

जिले के विभिन्न क्षेत्रों की धान खरीदी में तालाबंदी एवं प्रदर्शन में मंगत साहू, ललित विश्वकर्मा, सनतधर दीवान, प्रांजल तिवारी, दिनेश पटेल, दया सिंह वर्मा, लुकेश वर्मा, हरि साहू, भाव सिंह राज, जनता साहू, रूबी सलूजा, योगिता साहू, नारायण छाबड़ा, जयप्रकाश राज, ऋतिक तिवारी, वतन मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं किसान उपस्थित रहे।

### धान खरीदी में अव्यवस्थाओं से किसान आक्रोशित



**साजा।** सेवा सहकारी समिति कोगियाकला में किसानों ने तालाबंदी कर विरोध जताया पूर्व समिति अध्यक्ष व कांग्रेस नेता संजू सिंह चंदेल ने कहा कि धान खरीदी में किसानों को भारी तकलीफों से गुजरना पड़ रहा है जिसके चलते किसानों में आक्रोश है टोकन कटवाने से लेकर भुगतान तक सभी कार्य भारी विलंब से हो रहे हैं किसानों को कई चक्कर लगाने पड़ रहे हैं इस तरह की अनेक मांगों को लेकर समिति प्रबंधक को तत्काल व्यवस्था सुधारने की लिए ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सपना वालों में प्रमुख रूप सेबालकरण वर्मा, हीरा साहू, भाव सिंह पन्ना, जंगल महेंद्र साहू, भोजराम साहू, खेम सिंह, नरेश साहू, तुलाराम, जगमोहन, गोपाल वर्मा, देख राम वर्मा, भाग बाली साहू, मंगल साहू, बंसी धनकर, सुधा साहू, पीलू राम साहू, तेजू राम साहू, राम सिंह साहू, तरण धन सिंह धुर्वे, भागचंद साहू, दयाराम, शंकर, पंचूराम, झमन, सलमान खान, काशीराम जग्गा, दीनाराम सम सेंट कांग्रेस कार्यकर्ता एवं किसान नवागांव धाप कोगीया कला लोलेसरा के किसान उपस्थित थे।

### किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी ने किया तालाबंदी

**देवकर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर किसानों को धान बेचने को लेकर हो रही समस्याओं के विरोध में नगर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सोसायटी में तालाबंदी का नारे लगाए। कांग्रेस पार्टी ने कहा है किसानों को टोकन न देकर राज्य सरकार जो सौतेला व्यवहार कर रही यह निंदनीय है, यदि समस्या का हल न हुआ तो अपने नेता रविंद्र चौबे के नेतृत्व में उग्र प्रदर्शन की चेतावनी दी। विरोध प्रदर्शन में अतुल शर्मा उपाध्यक्ष नगर पंचायत देवकर, बिहारी साहू पूर्व अध्यक्ष , रोशन अग्रवाल, राधे धीवर, मोहन सिन्हा,झग्गर देवांगन,सोनू यादव, दिलीप निषाद, गुड्डु साहू, दिनेश साहू, राजू यादव, हरीश मनहरे, सोहेल बेग, विनय देवांगन, ख़ेम साहू, चेतन कुंजाम आदि उपस्थित रहे।





**खबर संक्षेप**

### भिलाई निगम में कैमरे खरीदने में अनियमितता, शिकायत

**भिलाई**। भिलाई निगम के जोन-4 में सीसीटीवी कैमरे लगाने में अनियमितताा को लेकर आम आदमी पार्टी ने जनदर्शन में शिकायत की है। शिकायत में कहा गया है कि निगम प्रशासन न केवल कैमरों की खरीद में हुए अनियमितता कर रहा है, बल्कि इस पूरे मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। आप के प्रतिनिधि जसप्रीत सिंह ने सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में कहा कि सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी नहीं दी जा रही है।उन्होंने आरटीआई के माध्यम से निगम से पूछा था कि जोन-4 के विभिन्न क्षेत्रों में लगाए गए कुल कैमरों में से वर्तमान में कितने चालू स्थिति में हैं। नगर निगम के अधिकारियों ने इस पर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जानकारी छिपाने का मुख्य कारण यह है कि अधिकांश कैमरे या तो बंद पड़े हैं या केवल कागजों पर ही स्थापित दिखाए गए हैं। शिकायतकर्ता ने पहले भी कई बार कैमरे चालू कराने के लिए निगम में शिकायत की थी, लेकिन उस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया है कि जो कैमरे बाजार में 15 हजार से 25 हजार रुपए में उपलब्ध है, उसे निगम ने 2,96,997 रुपए की दर से खरीदा है। वहीं अन्य सामग्री 4,500 रुपए के बुलेट कैमरे के लिए 11,013 रुपए और करीब 18,000 रुपए के टीवी के लिए 45,500 रुपए का भुगतान किया गया है।

### होटल की आड़ में अश्लीलता, शिकायत

**भिलाई**। होटल के आड़ में शराब और अश्लीलता फैलाने की शिकायत आबकारी विभाग और कुम्हारी थाने में की गई है। बजरंग दल संयोजक पुष्पराज सिंह ने बताया कि कुम्हारी स्थित होटल इंद्रप्रस्थ में अश्लील नृत्य शिकायत स्थानीय लोगों द्वारा लगातार की जा रही है। ऊपर माले में बार चल रहा है। दीगर राज्यों से डांसर को बुलाकर अश्लील नृत्य भी कराए जा रहे हैं। पुष्पराज सिंह ने स्वयं होटल पहुंचकर घटना की जानकारी ली है। उन्होंने मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### सेल वेतन समझौता अपूर्ण होने से बढ़ा असंतोष

**भिलाई**। स्टील वर्कर्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के आह्वान पर सीटू भिलाई सहित देश के सभी इस्पात उद्योगों में सीटू से संबद्ध यूनियनों ने प्रदर्शन कर सेल प्रबंधन व केंद्र सरकार से मांग किया कि जल्द एनजेसीएस की बैठक बुलाकर वेतन समझौता किया जाए। सुबह 8 से 9 बजे तक बीएसपी के बोरिया गेट पर डीआईस के नाम सीटू ने ज्ञापन ज्ञापन सौंपकर मांगें पूर्ण नहीं किए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। उल्लेखनीय है कि सेल समझौता पिछले पांच साल से अपूर्ण है। यूनियन के मुताबिक सेंट्रल लेबर कमिश्नर के निर्देश पर प्रबंधन ने खानापूर्ति करने के लिए एन जे सी एस की सब कमेटी की बैठक तो बुला लिया लेकि प्रबंधन का कहना था कि अफॉर्डेबिलिटी क्लाज के कारण एरियर्स नहीं दे सकते हैं। प्रबंधन के कहे अनुसार अब कोई भी मांग लंबित नहीं है इसीलिए इस वेतन समझौता को यहीं पर समाप्त समझिए और 2027 के वेतन समझौते की तैयारी कीजिए।

# संजय नगर तालाब किनारे लगे चेकर टाइल्स उखड़े, तत्काल मरम्मत के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा सोमवार को जोन-1 नेहरू नगर अंतर्गत विभिन्न वार्डों में संचालित विकास कार्यों का सघन निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने नवीन सीमेंटीकरण, डामरीकरण सड़क, तालाब, उद्यान और खेल मैदानों की वस्तुस्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। आयुक्त संजय नगर तालाब भी पहुंचे, जहां लगे चेकर टाइल्स को उखड़ा देख उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। तत्काल मेंटेनेंस कराए जाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण की शुरुआत वार्ड 6 संजय नगर से हुई, यहां स्थानीय नागरिकों द्वारा आवागमन की सुविधा हेतु सड़क निर्माण की लंबे समय से मांग की जा रही थी। जनहित को सर्वोपरि रखते हुए निगम द्वारा यहाँ नवीन डामरीकरण सड़क का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। आयुक्त ने सड़क का निरीक्षण करते हुए कहा कि इस मार्ग के बन जाने से स्थानीय निवासियों को धूल और कीचड़ से मुक्ति मिलेगी तथा सुगम आवागमन सुनिश्चित होगा।

## आयुक्त राजीव पांडेय ने नेहरूनगर जोन क्षेत्र के वार्डों का किया औचक निरीक्षण

### चेकर टाइल्स संधारण की दी हिदायत

संजय नगर तालाब के निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने पाया कि तालाब के चारों ओर लगे चेकर टाइल्स (पेवर) कई स्थानों से उखड़ गए हैं। उन्होंने जोन आयुक्त को तत्काल इन टाइल्स को व्यवस्थित कराने एवं क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत के निर्देश दिए। साथ ही तालाब के मध्य बने चबूतरे का संधारण कर उसे बेहतर स्वरूप देने की बात कही।



### आयुक्त ने उद्यान में नियमित साफ सफाई करने दिए निर्देश

आयुक्त ने गुलमोहर उद्यान का भी अवलोकन किया। उद्यान परिसर में निर्मित भवन के पास वर्तमान में शेड निर्माण का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने संबंधित इंजीनियरों को शेड का कार्य शीघ्र पूर्ण करने तथा उद्यान के भीतर नियमित साफ-सफाई बनाए रखने के लिए निर्देशित किया। इसके पश्चात, समीप स्थित बैडमिंटन कोर्ट के निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से चैन लिंक फैंसिंग को व्यवस्थित और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त के साथ मुख्य रूप से अजय राजपूत जोन आयुक्त, फत्तेलाल साहू सहायक अभियंता, बसंत साहू व रीमा जामुलकर उप अभियंता, सुनील जोशी सहायक राजस्व अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भिलाई वार्ड 40 की बदहाल व्यवस्था, खराब सड़कों से नागरिक परेशान

# तीन माह से सार्वजनिक नल बंद, घरों में कम प्रेशर से गहराया पेयजल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई वार्ड 40 शहीद चुम्मन यादव नगर में नागरिक पानी की समस्या, नालियों की गंदगी और जर्जर सड़कों से परेशान हैं। कई महीनों से सफाई कार्य ठप, नालियां जाम है और सड़क मरम्मत की मांग लोगों ने की है।

**वार्ड परिक्रमा**

वार्ड 40 शहीद चुम्मन यादव नगर के नागरिक पानी, साफ सफाई और जर्जर सड़कों जैसी बुनियादी सुविधाओं से जूझ रहे हैं। नगर निगम के जोन 4 अंतर्गत आने वाले इस वार्ड में कई महीनों से नालों में पानी का प्रवाह बंद है। नालियों की साफ सफाई नियमित रूप से नहीं होने के कारण जगह-जगह जाम की स्थिति बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नालों की गंदगी के कारण बदबू फैलती है और मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। इसके बावजूद निगम की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। वार्ड की सड़कों की हालत भी चिंताजनक है। करीब 15 साल पहले बनाई गई सड़कों में अब बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। कई जगहों पर सड़क की परत उखड़ चुकी है। वहीं पुरानी नालियां जगह-जगह टूटने लगी हैं, जिससे बरसात के दौरान पानी भराव की आशंका और बढ़ जाती है। निवासियों का कहना है कि वे कई बार निर्वाचित जनप्रपिनिधि से इसकी शिकायत कर चुके हैं, लेकिन मरम्मत और सफाई कार्य अब भी लंबित है। लोगों ने जल्द से जल्द सड़क मरम्मत, नालियों की सफाई और आवश्यक सुविधाएं बहाल करने की मांग की है।

## शहीद चुम्मन यादव नगर में मूलभूत सुविधाएं ठप





### शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं



वार्ड निवासी राधा वैष्णव ने बताया कि उनके क्षेत्र में पिछले करीब तीन माह से सड़क पर लगे नलों में पानी नहीं आ रहा है। लोग इन्हीं नलों से अपनी अतिरिक्त पानी की आवश्यकता पूरी करते थे, लेकिन नल बंद पड़ जाने से परेशानी बढ़ गई है। राधा वैष्णव के अनुसार घरों में लगे नलों में भी पानी का प्रेशर काफी कम है। एक घंटे के लिए सप्लाई मिलती है, मगर दबाव कम होने के कारण लोग पर्याप्त पानी नहीं भर पाते। इससे लोगों को रोजमर्रा के कामकाज में दिक्कत होती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस समस्या की जानकारी जनप्रतिनिधियों को दी जा चुकी है, फिर भी अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

### नालियां जाम, महीनों बाद होती है कचरा सफाई



वार्ड 40 शहीद चुम्मन यादव नगर में सफाई व्यवस्था को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। वार्ड की निवासी पार्वती साहू ने बताया कि क्षेत्र में नाली और सड़क सफाई नियमित रूप से नहीं की जाती। कई जगह नालियां जाम की स्थिति में हैं, लेकिन इसके बावजूद समय पर सफाई नहीं होती। पार्वती साहू के अनुसार नालियों की सफाई महीने में सिर्फ एक बार करवाई जाती है। लंबे समय तक कचरा जमा रहने से बदबू फैलती है। बारिश के समय पानी भरने की स्थिति बनती है, जिससे लोगों को आवाजाही में परेशानी होती है। निवासियों का कहना है कि नालियों में गंदगी जमा होने से बीमारी फैलने का खतरा बढ़ रहा है। इसके बाद भी निगमकर्मी अनियमित रूप से आते हैं और पूरी सफाई किए बिना ही चले जाते हैं। लोगों ने मांग की है कि वार्ड में नियमित सफाई व्यवस्था बहाल की जाए।

### जनप्रतिनिधि के मोबाइल बंद, किसे बताए परेशानी



वार्ड 40 शहीद चुम्मन यादव नगर में सड़कों की खराब हालत से लोग परेशान हैं। वार्ड निवासी मंगलिन बाई और मोहन कुमार ने बताया कि पुरानी होने के कारण वार्ड की कई सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। सड़क की सतह उखड़ चुकी है और पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है। निवासियों के अनुसार बारिश के दौरान इन गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे हादसे की आशंका और बढ़ जाती है। बुजुर्गों और छोटे बच्चों के लिए सड़क पर चलना जोखिम भरा हो गया है। वहीं मोहन कुमार का कहना है कि शिकायत करने के लिए निर्वाचित जनप्रतिनिधि के दिए गए मोबाइल नंबर भी सेवा में नहीं हैं। ऐसे में लोग समझ नहीं पा रहे हैं कि शिकायत आखिर किससे करें।

# वीर बालक ओम उपाध्याय को साहिबजादा अजीत सिंह अवॉर्ड



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

▪ कुत्तों के हमले से बचाया बच्चे को, मिला बहादुरी का सम्मान

आवारा कुत्तों से बच्चों को बचाने वाले कोहका निवासी ओम उपाध्याय को साहिबजादा अजीत सिंह अवार्ड से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और दुर्ग सांसद विजय बघेल ने उन्हें प्रशस्ति पत्र, मेडल और नगद राशि प्रदान की।

उल्लेखनीय है कि कोहका की गलियों में अचानक आक्रामक कुत्तों ने छोटे बच्चों को घेर लिया। लोग घबरा गए, माहौल सन्नाटे में बदल गया, लेकिन इसी खामोशी के बीच एक बच्चा ओम उपाध्याय आगे आया जो सुन नहीं पाता।

ओम उपाध्याय पर कुत्तों ने हमला कर दिया। उसका हाथ लहूलुहान हो गया। दर्द गहरा था, मगर कदम पीछे नहीं हटे। ओम तब तक डटा रहा जब तक कुत्ते दुम दबाकर भाग नहीं गए। इस प्रकार उन्होंने बच्चों की जान बच गई। यही साहस आज राज्य भर में मिसाल बन गया है। रायपुर में मुख्यमंत्री निवास में आयोजित वीर बाल दिवस समारोह में ओम उपाध्याय को साहिबजादा अजीत सिंह अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के चार बहादुर बच्चों को भी सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बच्चों का यह साहस प्रेरणा देता है और आने वाले वर्ष से वीर बाल दिवस पूरे प्रदेश में भव्य तरीके से मनाया जाएगा। ओम दिव्य अनुभूति विद्यालय कोहका का छात्र है। दोनों कान से सुनने में अक्षम होने के बावजूद उसने अपनी सूझबूझ और हिम्मत से छोटे बच्चों की जान बचाई। स्कूल प्राचार्य जेपी घनघोरकर ने ओम की वीरता की सराहना की है और विद्यालय में विशेष सम्मान समारोह की घोषणा की है।

### स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया ग्रामीणों ने

**जामगांव आर**। एकदिवसीय स्वास्थ्य शिविर ग्राम पंचायत भवन अकतई में स्वास्थ्य एवं जन जागरूकता निशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बीपी-शुगर एवं अन्य जांच कर निशुल्क दवाइयां दी गई। शिविर में लगभग 49 लोगों ने जांच कराई। आयुष विज्ञान स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर नेम वर्मा, सहयोगी पंकज एवं कर्मचारी उपस्थित थे। ग्रामीण नागरिक सरपंच प्रतिनिधि नरोत्तम निषाद, दीपा मारकंडे, मनोज ठाकुर मौजूद थे।

# योग खिलाड़ी तुलाराम वर्मा को सांसद खेल महोत्सव में मिला स्वर्ण पदक

**जामगांव आर**। सांसद खेल महोत्सव में दुर्ग लोकसभा स्तर पर 30 साल से अधिक उम्र प्रतिभागी ग्रुप में अंतराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय योग खिलाड़ियों के निःशुल्क योग विद्यालय मर्रा के योग गुरु 75 वर्षीय तुलाराम वर्मा ने मयूर आसन में पद्मासन का हैरत अंग्रेज प्रतिभा का प्रदर्शन कर युवा प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए दुर्ग लोकसभा स्तर पर योग में प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रतिभा को उम्र के बंधन से मुक्त होने का स्वर्ण पदक प्रमाण जग जाहिर किया। रविशंकर स्टेडियम में आयोजित सासंद खेल महोत्सव में युवाओं ने 75 वर्षीय तुलाराम वर्मा के योग विद्या को नतमस्तक करते



हुए प्रेरणा की अदभुत मिशाल माना। तुलाराम वर्मा मर्रा के पूर्व सरपंच हैं। वर्तमान में कृषि महाविद्यालय मर्रा में प्रत्येक शुक्रवार को 30 विद्यार्थियों की योग क्लास लेते हैं। योग कला के धनी तुलाराम वर्मा ने बताया कि 2008 में हरिद्वार प्रवास के दौरान योग गुरु बाबा रामदेव का योग सानिध्य मिला। तब से आज तक नियमित योग जारी है। वर्मा ने कहा कि हम अपने जीवन में घटना को घटित होते देख रहे है कि आप दुसरो का भला करे आपका भला होना तय है किसी का बुरा करके अपना भला हो जाने का सोचना भी बेमानी है व्यर्थ है ना समझी है। योग समिति पाटन ब्लॉक अध्यक्ष लालाराम वर्मा, संरक्षक आसकरण जैन, कामता प्रसाद साहू, रामावतार चंद्राकर, महेंद्र साहू, रोमलाल साहू, डॉ. गुलाब साहू, वाईके साहू, नरेंद्र धरमगुड़ी, हलधर महमल्ला, ढालसिंह साहू, वासु साहू, संतोष यादव आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

# किसानों की अनुमति के बिना लगाया जा रहा बिजली टॉवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

▪ प्रभावित किसानों ने ग्रामीण विधायक ललित को दी जानकारी

बोरी लिटिया 132/33 केव्ही लाइन टॉवर बेस निर्माण से प्रभावित किसानों ने विधायक ललित चन्द्राकर से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। इस पर विधायक ने किसानों को उचित मुआवजा व सूचना देकर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। किसानों ने विधायक को बताया कि उपकेंद्र रसमड़ा से उपकेंद्र सेमरिया लिटिया तक 132/33 केव्ही विद्युत पारेषण लाइन का निर्माण कार्य किया जा रहा है,



जिसमें उनकी निजी भूमि में बिना सूचना, बिना सहमति एवं बिना मुआवजा निर्धारण के कार्य किया जा रहा है। निजी भूमि में बिना किसी पूर्व सूचना, लिखित नोटिस सहमति तथा बिना राजस्व विभाग द्वारा मुआवजा निर्धारण किए ही टावर बेस का निर्माण प्रारंभ कर दिया गया है जो चिंता का विषय है। विधायक ललित चंद्राकर ने किसानों की समस्याओं को तत्काल संज्ञान में लेते हुए जिला कलेक्टर अभिजीत सिंह, धमधा एसडीएम सोनाल डेविड, दुर्ग एसडीएम हरवंश मीरि से फोन पर बात की और किसानों की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों को जानकारी देकर निर्माण कार्य करें और आज के तिथि में जो उचित मुआवजा बन रहा है, उसको तत्काल प्रभावित किसानों को प्रदान करें। विधायक चंद्राकर ने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा करना उनकी जिम्मेदारी है और वे इस मामले में कोई समझौता नहीं करेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों की समस्याओं का समाधान तत्काल किया जाए और उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द किया जाएगा। इस दौरान उत्तम चंद्राकर, नंदकुमार यादव, परमानंद केशव देशमुख, देवेंद्र कुमार साहू, इंद्रजीत साहू, भुवन लाल साहू सहित बड़ी संख्या में प्रभावित किसान उपस्थित थे।

## आत्मनिर्भर महिलाओं के सम्मान से सशक्तिकरण

# स्वयं का व्यापार और उद्योग स्थापित करने वाले सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने की दिशा में महिला चेम्बर भिलाई द्वारा सीए भवन सिविक सेंटर में समारोह का आयोजन किया गया। इसमें महिला स्वावलंबन गौरव सम्मान से उ न

▪ महिला चेंबर भिलाई का सिविक सेंटर में आयोजन

महिलाओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने अपने स्वयं के व्यापार या उद्योग की स्थापना कर आत्मनिर्भरता की मिसाल कायम की है।

महिला स्वालंबन गौरव सम्मान से जया यादव, चित्ररेखा, पद्मा गजभिए, बैंजु गुप्ता व श्रद्धा अग्रवाल को समानित



किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला उद्यमी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

महिला चेम्बर अध्यक्ष सुमन कनोजे ने कहा कि आज की महिला केवल गृहिणी तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यापार, उद्योग और स्टार्टअप के क्षेत्र में भी सशक्त भूमिका निभा रही है। सम्मानित महिलाओं ने अपने संघर्ष, मेहनत और सफलता की प्रेरक कहानियां साझा कीं, जिससे उपस्थित महिलाओं और युवतियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली। महामंत्री सविता शर्मा ने बताया कि इस सम्मान का उद्देश्य उन महिलाओं को मंच देना है, जिन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद साहस, आत्मविश्वास और परिश्रम से अपना स्वयं का व्यवसाय स्थापित किया और अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बनीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वर्णीका शर्मा अध्यक्ष बल संरक्षण आयोग ने कहा कि आत्मनिर्भर महिलाएं विकसित भारत का आधार बनेगी। विशेष अतिथि के रूप में मनीष पांडेजी, आशा दीदी, स्वीटी कौशिक, डॉ. मानसी गुलाटी व पायल जैन आदि उपस्थित थी।

### अनुसूचित जाति वर्ग को पीएम-अजय योजना के तहत मिलेगा ऋण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में अनुसूचित जाति वर्ग के पात्र हितग्राहियों को स्वरोजगार से जोड़ने अनुसूचित जाति वर्ग के लिए अभ्युदय पीएम-अजय योजना के तहत जो हितग्राही अपना स्वयं का व्यवसाय स्थापित करना चाहते हैं, उन्हें बैंकों के माध्यम से न्यूनतम 1 लाख के ऋण की स्वीकृति पर 50 हजार या ऋण राशि का 50 प्रतिशत अनुदान के रूप में प्रदान किया जाएगा। जिला अंत्यावसायी सहकारी समिति मर्यादित दुर्ग से प्राप्त जानकारी अनुसार इस योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के व्यवसायों जैसे किराना, मनिहारी, कपड़ा दुकान, नाई सेलून, ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग, फैन्सी स्टोर, मोटर मैकेनिक, सायकिल मरम्मत, टीवी-रेडियो-मोबाइल रिपेयरिंग, वाइंडिंग, मुर्गीपालन, बकरी पालन, सब्जी व्यवसाय, दोनापत्तल निर्माण, लघु एवं फुटकर उद्योग सहित स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप अन्य व्यवसायों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

### ठेठवार यादव समाज दुर्ग राज की बैठक व पारिवारिक मिलन 8 फ़रवरी को



**दुर्ग**। ठेठवार यादव समाज दुर्ग की तिमाही बैठक हनुमान मंदिर मोती पारा हुआ। बैठक में वार्षिक अधिवेशन पर चर्चा की गई। ठेठवार यादव समाज दुर्ग राज में 112 गांव व दुर्ग नगर भिलाई नगर आते हैं, जिसमे हर वर्ष अलग अलग गांव में किया जाता है। इस वर्ष सभी पदाधिकारियों ने सर्व समति से राज बैठक 8 फरवरी को ग्राम चंदखुरी में कराए जाने पर सहमति जताई। जिसमे पारिवारिक मिलन, बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व सामाजिक जनप्रतिनिधि मंत्री, जिला पंचायत, जनपद, सरपंच, पार्षद के साथ उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक जनों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक मे ठेठवार यादव समाज दुर्ग राज के पदाधिकारी व पंचो द्वारा दुर्ग राज के सभी 112 गाँव व भिलाई नगर व दुर्ग में यादव ठेठवार समाज के घरों मे आमंत्रित कर आयोजन किया जाएगा। बैठक में अध्यक्ष राजकुमार यादव, संरक्षक नंदझरोखा यादव, सचिव हरिशंकर यादव, उपाध्यक्ष अभिषेक यादव, कोषाध्यक्ष जनक यादव, राज महतो सुभाषचंद्र यादव, सहसचिव जगन्नाथ यादव, हर प्रसाद यादव आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### मंगलमय हरि नाम कीर्तन यात्रा निकाली गई

**दुर्ग।** श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई-दुर्ग द्वारा संत आशाराम बापू संस्था के साधकों द्वारा हरि नाम कीर्तन मंगलमय प्रभात कीर्तन यात्रा ग्राम खम्हरिया से निकाली गई, यात्रा खमरिया गांव में घुमाया गया। सभी को बापू की संस्था की ऋषि प्रसाद मासिक पत्रिका लोगों में निःशुल्क और 2026 का नूतन वर्ष का कैलेंडर भी बांटा गया। बच्चों को तुलसी की टॉफी दी गई। गांव के लोग भी यात्रा में शामिल हुए। हर रविवार को दुर्ग जिला के जगह जगह यह यात्रा निकाली जाती है। अंत में आरती प्रसादी के साथ समापन किया गया। यह जानकारी युवा सेवा संघ के अध्यक्ष शिवा साहू ने दी।

### दो दिवसीय घासीदास जंयती 31 को उरला में

**भिलाई।** दो दिवसीय गुरु घासीदास जयंती एवं ध्वजारोहण कार्यक्रम सतनाम समाज ग्राम उरला में 31



दिसंबर से 1 जनवरी तक होगा। इसमें जयंती, ध्वजारोहरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। बुधवार को प्रथम पहर मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होंगे। अध्यक्षता महापौर भिलाई-चरोदा निर्मल कोसरे करेगें। विशिष्ट अतिथि सभापति कृष्णा चन्द्राकर, ईश्वर लाल साहू,पार्षद भारती राम सूर्यवंशी, पूर्व ओएसडी मनीष बंछोर, अध्यक्ष कांग्रेस ग्रामीण राकेश ठाकुर, अध्यक्ष पटेल समाज उरला अवध राम पटेल, तहसील साहू संघ भिलाई-चरोदा दीपक साहू है। द्वितीय पहर में मुख्य अतिथि सांसद विजय बघले होंगे।अध्यक्षता विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा करेगें। विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, दिलीप पटेल, खिलावन साहू शामिल होंगे। इसके अलावा ध्वजारोहण 1 जनवरी को किया गया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा होंगे। अध्यक्षता महापौर निर्मल कोसरे करेंगे। विशिष्ट अतिथि सभापति कृष्णा चन्द्राकर, पूर्व ओएसडी मनीष बंछोर, सतीश साहू, पार्षद ईश्वर लाल साहू, भारती राम सूर्यवंशी हैं। कार्यक्रम में संध्या 7 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम छत्तीसगढ़ी लोक गायक गोरेलाल बर्मन का आयोजित है।

### मिली 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 12 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नं. 8 ग्राम व पो. निकुम तहसील व जिला दुर्ग निवासी रामेश्वरी साहू की विगत 21 मई 2025 को आंधी तूफान से नीलगिरी का पेड़ इनके ऊपर गिरने से इनकी मृत्यु हो गई थी। इसी प्रकार ग्राम पुरई तहसील व जिला दुर्ग के विक्रम सिंह की विगत 4 मई 2025 को नहाते वक्त तालाब के पानी में डूबने से एवं वार्ड नं. 4 गयाबाई विद्यालय के पास गया नगर दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग निवासी समीर सिंह की विगत 6 सितंबर 2024 को नदी में डूबने से मृत्यु हुई थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व. रामेश्वरी साहू के पति रिखी राम साहू, स्व. विक्रम सिंह के पिता यशवंत सिंह और स्व. समीर सोनी की पत्नी नीतू सोनी को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

---

**विरोध**

**मांगे नहीं मानी गईं तो होगा अनिश्चितकालीन कलमबंद आंदोलन**

# 11 सूत्रीय मांगों पर कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन का लगातार दूसरे दिन प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर जिले में चल रहा तीन दिवसीय धरना-प्रदर्शन दूसरे दिन और अधिक आक्रामक तेवर के साथ जारी रहा। जिला मुख्यालय के जयस्तम्भ चौक धरना स्थल पर महंगाई भत्ता, डीए एरियर्स, वेतन विसंगति, चार स्तरीय समयमान वेतनमान, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा अवधि की गणना, 300 दिन अर्जित अवकाश का नगदीकरण, कैशलेस चिकित्सा सुविधा सहित मोदी की गारंटी से जुड़ी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारियों-अधिकारियों ने सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की।

धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में इन मांगों को शामिल कर सत्ता में आने पर निराकरण का भरोसा दिया था, लेकिन सरकार बनते ही वादे ठंडे बस्ते में डाल दिए गए। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि कर्मचारियों-अधिकारियों को अपनी जायज मांगों के लिए सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर किया जा रहा है। फेडरेशन नेताओं ने दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया तो आंदोलन को



अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल में बदला जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। धरना स्थल पर सरकार विरोधी नारों के बीच आंदोलन को सफल बनाने का संकल्प दोहराया गया।

**धरने में सीमित मौजूदगी, हड़ताल बहने कई निकले सैर सपाटे पर परिवार संगः** सूत्रों के अनुसार जिले में करीब 7 हजार कर्मचारी-अधिकारी पदस्थ हैं, लेकिन जिला मुख्यालय स्थित धरना स्थल पर उनकी 10 प्रतिशत मौजूदगी भी नहीं देखी जा रही है बमुश्किल तीन से चार सौ तकरीबन कर्मचारी प्रदर्शन में शामिल हो रहे हैं। जानकारी सामने आ रही है कि कई कर्मचारी-अधिकारी हड़ताल पर तो हैं, कार्यालयों में कामकाज ठप है, पर वे प्रदर्शन स्थल पर सहभागिता नहीं दे रहे। मजेदार तथ्य यह भी सामने आया है कि कुछ हड़ताली कर्मचारी इस अवधि को निजी काम निपटाने, पारिवारिक पिकनिक या धार्मिक स्थलों की यात्रा के रूप में उपयोग कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर धरना स्थल पर वही चेहरे अधिक नजर आ रहे हैं, जो संगठन में नेतृत्व या भविष्य में बागडोर मिलने की संभावना के चलते सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। इधर, शिक्षा विभाग के शालेय शिक्षक संघ, सहायक शिक्षक फेडरेशन सहित कुछ संगठनों ने केवल नैतिक समर्थन देने की बात कही है। उनका तर्क है कि फेडरेशन की 11 सूत्रीय मांगों में पुरानी पेंशन योजना और प्रथम नियुक्ति तिथि से पेंशन लाभ जैसी प्रमुख मांग शामिल नहीं होने के कारण वे आंदोलन में शामिल नहीं हैं।

### ये रहे उपस्थित

द्वितीय दिवस के धरना-प्रदर्शन में फेडरेशन के जिला संयोजक अश्वनी बेनर्जी, महासचिव नानक साहू, मीडिया प्रभारी के.एस. परते, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र शर्मा, प्रांतीय सचिव संतोष नामदेव, जी.एल. खुटियारे, बलदाऊ पटेल, हितेन्द्र सिन्हा, नलेश्वर साहू, एस.पी. कोषले, सुधीरहरि श्रीवास्तव, ईश्वरलाल साहू, के.पी. तिवारी, कमलेश सिंह बिसेन, होरीलाल तिवारी, डाइट प्राचार्य जे.के. घृतलहरे, उप प्राचार्य डॉ. कमल कपूर बंजारे, आर.के. वर्मा, राजपुरोहित, विजय डोरे, राजेन्द्र कुमार घृतलहरे, विजय बघेल, लालसिंह ठाकुर, सौरभ सिंह, बबलू चन्दरिया, कमलेश शर्मा, राजेश कुमार ठाकुर, चंद्रमौली त्रिपाठी, राजेश सोनी, केहरसिंह साहू, प्रेमप्रकाश तिवारी, निर्जल डिंडोरे सहित बड़ी संख्या में विभिन्न विभागों के कर्मचारी-अधिकारी उपस्थित रहे। फेडरेशन ने दावा किया कि आंदोलन लगातार मजबूत हो रहा है और तीसरे दिन और अधिक व्यापक स्वरूप लेगा।

---

# धान खरीदी अव्यवस्थाओं को लेकर सहकारी समिति केहका का घेराव, किसानों ने की तालाबंदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ साजा

कार्यालय सेवा सहकारी समिति केहका का घेराव कर किसानों एवं कांग्रेसियों ने टोकन लिमिट बढ़ाने एवं नियमित परिवहन को लेकर तालाबंदी कर किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान में रविन्द्र चौबे

- टोकन लिमिट बढ़ाने और नियमित परिवहन की मांग
- कांग्रेस के नेतृत्व में कलेक्टर के नाम सौंपा गया ज्ञापन

पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन की निर्देशानुसार में संतोष वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी साजा के मार्गदर्शन में युवा कांग्रेस साजा विधानसभा अध्यक्ष अंजोर यदु एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी साजा के महामंत्री ईश्वर वर्मा के नेतृत्व में पूरे साजा क्षेत्र में किसानों को हो रही समस्याएं जिसमें सेवा सहकारी समिति में धान खरीदी में किसानों हो रही भारी परेशानी को लेकर एवं अन्य मांगों को लेकर जिसमें धान खरीदी की टोकन लिमिट बढ़ाने एवं किसानों को ऑफलाइन टोकन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध करवाने एवं खरीदी की गई धान की नियमित परिवहन को लेकर ताकि धान खरीदी प्रभावित न हो इन सभी मांगों को लेकर सहकारी समिति केहका कार्यालय का घेराव एवं तालाबंदीकर कलेक्टर के नाम समिति प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें सभी कांग्रेस जनों एवं किसानो ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर किसानों के साथ धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है, और वहीं युवा कांग्रेस साजा के विधानसभा अध्यक्ष अंजोर यदु ने कहा है कि पूरे प्रदेश में किसानों को धान विक्रय के लिए भटकना पड़ रहा है, मनमानी तरीके से बिना किसी नीति से धान खरीदी किया जा रहा है जोकि अनुचित है, अभी तक सेव सहकारी समिति केहका में लभभग 30 दिवस की खरीदी में 33 हजार क्विंटल की धान की खरीदी हुई है और कुल खरीदना है लगभग 80 हजार क्विंटल लेकिन अभी शासन की तय समय अनुसार महज 22 दिन ही खरीदी होना है, इन दिनों में 47 हजार क्विंटल खरीदी की जानी है जो असंभव है हम सभी किसानों की मांग को लेकर हम कलेक्टर बेमेतरा के नाम ज्ञापन सौंप कर निवेदन किया है कि जल्द से जल्द जिला प्रशासन इन मांगो लेकर सहर्ष विचार कर आने वाले दिनों को इस परेशानियों को दूर करे ताकि धान खरीदी गति प्रभावित न हो।

### ये हुए शामिल

उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत बीरनपुर के पूर्व सरपंच हेमराम वर्मा, जेठूराम साहू, सरपंच प्रतिनिधि धर्मेंद्र साहू, खेलन नेताम, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि नारद सिन्हा, गौतम पठारी, वरिष्ठ किसानों में चुमन नेताम, बेदराम साहू, कैलाश साहू,दौलत जायसवाल, जनक साहू,खेलन नेताम, तख्त वर्मा, दिनेश साहू, बहादुर साहू, गौकरण साहू, संतराम वर्मा अशोक वर्मा, देवव्रत वर्मा, भूपेंद्र सिन्हा, भूपेंद्र सिंहा, तेजराम सिंहा, दीनू वर्मा, ईश्वरी साहू, देवनाथ वर्मा, रमेश सिन्हा, नंदकुमार सिंहा, श्याम रजक, कमलेश वर्मा, तेजराम वर्मा, भागवत नेताम, बल्ला यादव, खेमू वर्मा , अर्जुन ठाकुर, पोषण वर्मा, लल्ला सिन्हा, मिथलेश वर्मा मुँगीलाल लहरें, परस ठाकुर, केशव सेन, ईश्वर सेन, विनोद लहरें एवं केहका , चोरभठी, बीरनपुर, कोरवाय , पिपरिया एवं बीजागोंड के किसान साथी एवं कांग्रेस जन इस प्रदर्शन में शामिल हुए।

### धान की लिमीट बढाने कांग्रेस ने खरीदी केन्द्र में किया प्रदर्शन

**थान खम्हरिया।** जिला कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के द्वारा सुबह 11 बजे धान विक्रय मे किसानो को हो रही असुविधा को लेकर धान खरीदी केन्द्रो मे जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया तहसील क्षेत्र के सभी धान खरीदी केन्द्र बनरांका, कुरूद, सैगोना, खाती,दर्री, खैरझिटीकला, हाटरांका तथा ठेलका जैसे जगहो पर कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि खरीफ फसल धान हेतु सरकार किसानो को खाद व बीज के लिए परेशान करती रही है और अब धान खरीदी मे टोकन व लिमिट को लेकर किसानो को रूला रही है जिसके लिए आज सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। सुबह ब्लॉक कांग्रेस थान खम्हरिया के पदाधिकारियों ने धान खरीदी केन्द्र पहुँचकर प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया।वर्तमान मे थान खम्हरिया सोसायटी मे प्रतिदिन 12 सौ क्वि.धान खरीदी की जा रही है।

---

# कलेक्टर प्रतिष्ठा ने ली जिला स्तरीय समय-सीमा बैठक

**विभागीय योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा, लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश**

**बेमेतरा।** जिले की नवनियुक्त कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं की अध्यक्षता में आज कलेक्भाकक्ष में जिला स्तरीय समय-सीमा (टीएल) बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के समस्त जिला स्तरीय अधिकारी, विभाग प्रमुख एवं संबंधित शाखाओं के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कलेक्टर सुश्री ममगाईं ने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों एवं समय-सीमा प्रकरणों की विभागवार प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी रूप से पहुँचना सुनिश्चित किया जाए।



राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अतिक्रमण एवं न्यायालयीन प्रकरणों की स्थिति एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण एवं शहरी पर कलेक्टर ने अपूर्ण एवं प्रगतिरत आवासों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि शेष आवासों का निर्माण प्राथमिकता गुणवत्ता सुनिश्चित की जाने का निर्देश दिए।वही मनरेगा स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता की जानकारी लेते हैं कलेक्टर ने अस्पतालों में दवाओं ,डॉक्टर एवं स्टाफ की उपस्थिति, मातृ-शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, आयुष्मान भारत योजना की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतर निगरानी की जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी तरह कलेक्टर सुश्री ममगाईं ने शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए विद्यालयों में शिक्षक उपस्थिति, छात्र नामांकन, छात्रवृत्ति वितरण एवं मूलभूत सुविधाओं की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार एवं विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।

**समय-सीमा एवं जन शिकायतों के निराकरण पर सख्त निर्देश :** कलेक्टर ने कहा कि जनदर्शन, सीएम हेल्पलाइन एवं समय-सीमा के प्रकरणों का संवेदनशीलता एवं गंभीरता से त्वरित निराकरण किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि अनावश्यक विलंब या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के अंत में कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने कहा प्रशासन का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना है। सभी अधिकारी समन्वय एवं टीम भावना के साथ कार्य करें । उन्होंने आगामी बैठकों में परिणाम आधारित समीक्षा किए जाने की बात भी कही।

---

### घर में घुसकर चोरी करने वाले दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

मकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि शंकर नगर छावनी जामुल निवासी पुरेन्द्र कुमार साहू अपनी पत्नी के साथ उपचार कराने रायपुर गया था। 15 दिसंबर को पड़ोसियों के द्वारा चोरी होने की सूचना मिलने पर घर लौटे। तब मकान के भीतर प्रवेश करने पर देखा सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। मकान से अज्ञात ने आलमारी में रखे सोने चांदी का जेवरात, चांदी का सिक्का और नगदी रकम पार कर दिया। आसपास खोजबीन करने के बाद सामान नहीं मिलने पर जामुल पुलिस में शिकायत किया गया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने हुलिया के आधार पर संदेही खुर्सीपार निवासी कुलदीप सिंह उर्फ बी. कुलदीप, एस. विनय उर्फ बुल्लू को पकड़ा गयाष। पूछताछ में आरोपियों ने मकान में चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों के पास से पुलिस ने सोने की अंगूठी, 1 जोड़ी टाप्स, 9 नग चांदी का सिक्का,1 जोड़ी चांदी का बिछिया जब्त किया गया। जिसकी कीमत 1.83 लाख 500 रूपये आंकी गई है। दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी जामुल रामेन्द्र सिंह समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### मोबाइल दुकान का शटर तोड़कर चोरी आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** मोबाइल दुकान में शटर तोड़कर चोरी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि इन्दिरा नगर हथखोज निवासी रॉकीराज मिश्रा का ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज में सीजी मोबाइल नामक दुकान है। 5 जुलाई की रात दुकान में शटर में ताला



तोड़कर सामान पार किया गया था। दुसरे दिन सेलून वाले ने घटना की सूचना फोन कर दी थी। अज्ञात ने दुकान से जीओ कीपेड मोबाइल, आईटेल कंपनी का कीपेड मोबाइल नोट कटिंग मशीन, 5 एयर बर्ड, पुराने मोबाईल और गुल्लक के रखा गया नगद रकम गायब मिला। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपीा की तलाश में जुटी रही। मुखबिर की सूचना खुर्सीपार निवासी कुलदीप कौशिक शराब भट्ठी खुर्सीपार के पास से कीपेड मोबाईल बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा था। उसे घेराबंदी कर पकडा गया। पुलिस पूछताछ में कुलदीप ने बताया कि अपने दोस्त साथी विराज निर्मलकर के साथ मिलकर मोबाईल दुकान से चोरी करना स्वीकार किया। नगदी रकम को खाने पीने मे खर्च करना स्वीकार किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी अम्बर सिंह भारद्वाज समेत उसकी टीम का योगदान रहा है।


---

**आने वाले पांच दिनों में ठंड और बढ़ेगी, नए साल में शीतलहर**

# ट्विनसिटी का पारा 8.2 डिग्री, चलने लगी सर्द हवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

ट्विनसिटी सोमवार को फिर सर्द हवाओं की चपेट में आ गई। न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस आ पहुंचा। यह सामान्य से 5.3 डिग्री सेल्सियस कम रहा है। अधिकतम तापमान में भी कमी आई है। अधिकतम तापमान 28.2 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 1.2 डिग्री सेल्सियस रहा है। मौसम विभाग के हिसाब से आने वाले पांच दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होगी।



#### हवाएं और नम होने की संभावना

मौसम विभाग के हिसाब से हवाएं और नम हो सकती है। जिससे ट्विनसिटी में और ठंड बढ़ने की संभावना है। आने वाले 24 घंटों में शीतलहर चल सकती है। जिसकी वजह से लोगों को कड़ाके की ठंड फिर से झेलना पड़ेगा। पिछले 15 दिनों से मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर चल रहा है। न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस से 8.2 डिग्री सेल्सियस के बीच चल रहा है।

#### अलसुबह कोहरा व रात में बढ़ेगी ठंड

मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर व मध्य छत्तीसगढ़ के कई जिलों में शीतलहर की स्थिति बन सकती है। इसलिए अलसुबह कोहरे की स्थिति बन सकती है। रात में न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की कमी आ जाती है। जिसकी वजह से रात में में ठंड काफी बढ़ जाती है। हाल यह है कि अब कंबल-रजाई ओढ़कर सोने के बाद भी ठंड लगने लगी है।

**मार्निंग वॉकिंग में आई कमी**

लगातार बढ़ते ठंड की वजह से ट्विनसिटी में मार्निंग वॉक करने वालों में भी कमी आई है। गिने-चुने लोग सड़कों पर मार्निंग वॉक के लिए दिखाई दे रहे हैं। बुजुर्गों के लिए यह ठंड आफत जैसी हो गई है। बुजुर्ग घर से बाहर निकलने की स्थिति में नहीं है। इसी तरह दमा के मरीजों के लिए यह ठंड काफी परेशान करने वाली है। दमा के मरीजों को श्वांस लेने में दिक्कतें आने लगी है।

---

**बिजनेस न्यूज**

# सुमीत बाजार की वूलन महासेल शुरू ग्राहकों को मिल रहे बंपर डिस्काउंट

**रायपुर।** विंटर सीजन को खास और किफायती बनाने प्रदेश की सबसे बड़ी रिटेल चेन सुमीत बाजार की ओर से वूलन महासेल की शानदार शुरुआत की गई है। इस महासेल में ग्राहकों को वूलन कपड़ों की आकर्षक और ट्रेंडी रेंज के साथ जबरदस्त ऑफर्स और बेहतरीन डील्स का लाभ मिल रहा है।




सर्दी के मौसम में फैशन और जरूरत-दोनों को ध्यान में रखते हुए सुमीत बाजार ने सभी आयु वर्ग के ग्राहकों के लिए विशेष कलेक्शन पेश किया है। ऑफर्स की बात करें तो चार वूलन आइटम्स की खरीदी पर 50 प्रतिशत, तीन आइटम्स पर 40 प्रतिशत और दो आइटम्स पर 30 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। इन ऑफर्स पर नियम व शर्तें लागू हैं। इसके साथ ही सुमीत बाजार स्टोर्स में ईयर एंड सेल के तहत अन्य कई प्रोडक्ट्स पर भी अतिरिक्त लाभ दिए जा रहे हैं।

सुमीत बाजार में विंटर सीजन को लेकर ग्राहकों की खासी भीड़ देखने को मिल रही है। यहां स्वेटर, स्वेटशर्ट, हुडीज, जैकेट्स, विंडशीटर, कार्डिगन, वूलन गर्ल्स टॉप, शॉल, स्टोल, मफलर, हैंड ग्लव्स, टोपी और थर्मल वियर सहित विंटर वियर की विस्तृत और आकर्षक रेंज उपलब्ध है। इसके अलावा साड़ी, कुर्ती, टी-शर्ट, जींस, शर्ट, ट्राउजर्स, सूटिंग-शर्टिंग, सलवार सूट के साथ-साथ गृह उपयोगी वस्तुएं, सजावट और फर्निशिंग आइटम्स की भी बड़ी रेंज ग्राहकों को मिल रही है। पुरुषों, महिलाओं, किशोरों और बच्चों के लिए लेटेस्ट फैशन कलेक्शन के साथ सुमीत बाजार इस सर्दी को स्टाइलिश और बजट फ्रेंडली बनाने में जुटा हुआ है।

## खबर संक्षेप

### कुरुभाट मंडई 3 को

**मुरमुंदा।** ग्राम कुरुभाठ में मंडई का आयोजन आगामी 3 जनवरी को रखा गया है। ग्राम के कैलाश नेताम, श्री राम साहू ने बताया कि रात्रि में मनोरजन के लिए ग्राम कोको बानो कवर्धा का कार्यक्रम रखा गया है। ग्रामीणों ने आसपास के लोगों से आने की अपील की है।

### कार की टक्कर से बालिका जख्मी

**चिचोला।** जीई रोड़ पर दुर्घटना थम नहीं रही है। बीते 28 दिसम्बर को रामपुर महराजपुर में मेहमान बनकर आई 11 वर्षीय लतिका जोशी अपने परिजनों के साथ जीई रोड क्रास कर रही थी। इसी दौरान अज्ञात कार चालक ने ठोकर मार दिया जिससे वह घायल हो गई। उसे इलाज के लिए फोर लेन कंपनी की एम्बुलेंस से हॉस्पिटल ले जाया गया। घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। थाना प्रभारी योगेश पटेल ने बताया कि सीसीटीवी की फुटेज से अज्ञात वाहन की पतासाजी की जा रही है।

### बघेल के बयान पर भ्रम फैला रही भाजपा

**डोंगरगढ़।** पूर्व पालिका अध्यक्ष धीरज मेश्राम ने कहा कि धीरेन्द्र ब्रम्हचारी द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को विदेश जाने की बात कहने के बाद दी गई प्रतिक्रिया को भाजपा द्वारा तोड़ मरोड़ कर पेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्री बघेल ने सनातन विरोधी बयान नहीं दिया है और न उन्होंने कथावाचक पर व्यक्तिगत टिप्पणी की है।

### भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति का अनावरण

छुरिया। ग्राम कुहीकला में ध्रुव गोंड परिक्षेत्र घोटिया के तत्वावधान में भगवान बिरसा मुंडा मूर्ति की स्थापना गई है। जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, मदन नेताम, जिपं सदस्य बीरमबाई मंडावी, राजेश्वर ध्रुवे, गैंदलाल मंडावी की मौजूदगी में गत दिनों मूर्ति का अनावरण किया गया। इस मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि महान जनजातीय नायक और स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा बचपन से ही अन्याय के विरुद्ध आवाज़ उठाने वाले और तेज स्वभाव के थे। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मंडावी, श्री नेताम ने संबोधित करते हुए अन्याय के खिलाफ उनके संघर्ष पर विस्तार से प्रकाश डाला।

**बैठक**

## योजनाओं की प्रगति पर दिए गए अहम निर्देश

# कलेक्टर की अध्यक्षता में कृषि विभाग की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में कृषि विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न कृषि एवं किसान हितैषी योजनाओं, फसल बीमा, उर्वरकों की उपलब्धता, बैंकिंग समन्वय तथा आगामी कृषि गतिविधियों की गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि कृषि जिले की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, इसलिए सभी योजनाओं का लाभ समय पर और शत-प्रतिशत पात्र किसानों तक पहुँचना चाहिए।

बैठक में उप संचालक कृषि मोरध्वज डडसेना, अनुविभागीय अधिकारी कृषि, सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी, सहायक संचालक कृषि, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के नोडल अधिकारी सहित जिले के वरिष्ठ एवं विकास अधिकारी उपस्थित रहे। उप संचालक कृषि श्री डडसेना ने जिले की कृषि स्थिति पर प्रस्तुति देते हुए बताया कि जिले में 94 ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सर्कल के विरुद्ध वर्तमान में 57 सर्कल भरे हुए हैं। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 906 मि.मी. है, जबकि चालू वर्ष में लगभग 552 मि.मी. वर्षा



दर्ज की गई है। जिले का निरा फसल क्षेत्र 2.25 लाख हेक्टेयर तथा द्विफसली क्षेत्र 1.72 लाख हेक्टेयर है। उल्लेखनीय रूप से जिले की फसल सघनता 176 प्रतिशत है, जिसके साथ बेमेतरा जिला राज्य में प्रथम स्थान पर है। कृषक उन्नति योजना की समीक्षा करते हुए बताया गया कि जिले में 1.65 लाख से अधिक कृषकों का पंजीयन लगभग पूर्ण हो चुका है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शेष पात्र किसानों का पंजीयन शीघ्र पूर्ण कराया जाए और योजना का लाभ सभी तक सुनिश्चित किया जाए।

**किसानों का फसल बीमा कराने के दिए निर्देश :** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत फसल कटाई प्रयोग सीसीई की प्रविष्टियाँ समय-सीमा में अनिवार्य रूप से पूर्ण करने तथा 31 दिसंबर 2025 से पूर्व समस्त किसानों का फसल बीमा कराने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि फसल बीमा किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा प्रदान करता है, अतः इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

उर्वरक भंडारण एवं उपलब्धता की समीक्षा में बताया गया कि जिले में 30,600 मीट्रिक टन मांग के विरुद्ध डबल लॉक में 20,285 मीट्रिक टन तथा सिंगल लॉक में 16,694 मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि उर्वरकों का संतुलित एवं पारदर्शी वितरण सुनिश्चित किया जाए और किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

### सस्ती दरों पर ऋण सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश

पीएम-आशा योजना के अंतर्गत सोयाबीन, चना, मूंग, उड़द, सरसों एवं अरहर की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन समय पर कराने के निर्देश दिए गए। वहीं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में लंबित ई-केवाईसी, आधार सीडिंग एवं भूमि सीडिंग के प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने पर भी विशेष जोर दिया गया। किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना की समीक्षा में बताया गया कि जिले में 1.86 लाख के लक्ष्य के विरुद्ध 1.59 लाख किसानों के केसीसी बनाए जा चुके हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शेष पात्र किसानों के केसीसी शीघ्र पूर्ण कर उन्हें सस्ती दरों पर ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जाए। बैठक में कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर दलहन, तिलहन एवं वैकल्पिक फसलों को बढ़ावा देने, रागी फसल के बीज उत्पादन को प्रोत्साहित करने तथा आगामी सप्ताह कृषि उत्पादन आयुक्त के संभावित भ्रमण को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक तैयारियाँ समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। अंत में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए कृषि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा किसानों की आय वृद्धि के लिए नवाचारों को अपनाने के निर्देश दिए।

# नपाध्यक्ष सिन्हा की अगुवाई में जिला कलेक्टर से सौजन्य भेंट

**बेमेतरा।** नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा की अगुवाई में नगर के जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा नेताओं ने जिले की नव पदस्थ कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगई से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें नई जिम्मेदारी संभालने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान नगर के समग्र एवं संतुलित विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक और सार्थक चर्चा की गई।

सौजन्य भेंट के दौरान प्रतिनिधिमंडल द्वारा नगर में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, स्वच्छता व्यवस्था को और सुदृढ़ करने, यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने, नागरिक सुविधाओं में सुधार तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन जैसे मुद्दों को प्रमुखता से रखा गया। साथ ही नगर में चल रहे एवं प्रस्तावित विकास कार्यों में तेजी लाने, आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण तथा शहर को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और विकसित बनाने महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए।

कलेक्टर प्रतिष्ठा ने सभी विषयों को गंभीरता से सुना और नगर विकास से संबंधित मुद्दों पर सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि प्रशासन जनहित से जुड़े कार्यों के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने कहा




कि नगर पालिका एवं प्रशासन के समन्वय से विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा तथा नगर की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

### मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है प्राथमिकताः सिन्हा

नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने नगर के विकास को लेकर प्रशासन के सहयोग की अपेक्षा जताई और कहा कि नगर के नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पालिका की प्राथमिकता है। इस सौजन्य भेंट को नगर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा नेता हर्ष तिवारी, युगल देवागन, राजू देवागन, डॉ. विनय साहू एवं संदीप यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल रहे।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत ढोलिया में लगा विधिक जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा के निर्देश तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत ग्राम ढोलिया में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन लीगल एड डिफेंस काउंसिल के सहायक प्रतिरक्षा अधिवक्ताओं द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

शिविर को संबोधित करते हुए अधिवक्ता आयुष शुक्ला ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाल विवाह



कानूनन अपराध है और इसमें माता-पिता, अभिभावक एवं विवाह कराने वाले सभी व्यक्तियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है। उन्होंने बाल विवाह से बच्चों, विशेषकर बालिकाओं, पर पड़ने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों के साथ-साथ आर्थिक समस्याओं पर भी प्रकाश डाला। वहीं अधिवक्ता देवेंद्र साहू ने बाल विवाह की शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी संभावित या घटित बाल विवाह की सूचना संबंधित थाना, बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को दी जा सकती है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाती है तथा प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई की जाती है। शिविर में उपस्थित अधिवक्ताओं ने ग्रामीणों से सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जागरूक रहने और बाल विवाह जैसी बुराई को समाप्त करने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। उन्होंने अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने का संदेश दिया।

**ये रहे उपस्थितः** इस अवसर पर सहायक एलएडीसी देवेंद्र साहू, अमन दुबे, आयुष शुक्ला, सुश्री गीता दास, दुर्गा साहू एवं पी. राजेश्वरी उपस्थित रहे। शिविर के अंत में ग्रामीणों ने बाल विवाह के विरुद्ध संकल्प लेते हुए कानून का पालन करने एवं समाज में जागरूकता फैलाने का आश्वासन दिया।

# सब स्टेशन रांका में तोड़फोड़ व शासकीय कार्य में बाधा, पांच आरोपी गिरफ्तार

**बेमेतरा।** थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा पुलिस ने विद्युत सब स्टेशन रांका में तोड़फोड़ कर शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने तथा अश्लील गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की है।

पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें हिरासत में लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, दिनांक 18 अगस्त 2025 की शाम करीब 7 बजे, सब स्टेशन रांका में पदस्थ कर्मचारी ने थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि ड्यूटी के दौरान इंद्रजीत साहू, राजेश साहू, यशवंत साहू, तिलक साहू, अनिल साहू सहित अन्य लोगों ने सब स्टेशन का घेराव किया। आरोपियों ने खम्हरिया, तिवरैया, रवेली एवं टेमरी गांवों की बिजली जानबूझकर काटने तथा निजी



कंपनी को बिजली बेचने का आरोप लगाते हुए अश्लील गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट के अनुसार, जब उन्हें समझाने का प्रयास किया गया तो आरोपियों ने शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करते हुए सब स्टेशन में रखी सरकारी संपत्तियों में तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने धारा 191(2), 296, 351(3), 132, 324(3), 324(4) बीएनएस तथा लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम की धारा 3(1) के तहत अपराध दर्ज किया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा के नेतृत्व में विवेचना प्रारंभ की गई। जांच के दौरान आरोप सिद्ध पाए जाने पर आरोपियों— इंद्रजीत साहू (25), राजेश साहू (34), यशवंत साहू (35), तिलक राम साहू (31) एवं अनिल साहू (28)— सभी निवासी बेमेतरा क्षेत्र—के विरुद्ध धारा 35(1)(बी)(ii) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई। इस पूरी कार्रवाई में सउनि जितेंद्र कश्यप, प्रधान आरक्षक हेमंत साहू, आरक्षक इंद्रजीत पांडेय, पुरुषोत्तम कुंभकार, राहुल यादव सहित थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा पुलिस स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर राजनीतिक दलों के साथ ईआरओ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के अंतर्गत जिले क विधानसभा क्षेत्रों

- तीनों विधानसभा क्षेत्रों से 239 फार्म-6 ऑनलाइन प्राप्त0 पात्र मतदाताओं को जोड़ने में सहयोग की अपील

68 साजा, 69 बेमेतरा एवं 70 नवागढ़ के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) द्वारा आज मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में एक सप्ताह के भीतर प्राप्त दावा एवं आपत्तियों की सूची साझा की गई तथा पुनरीक्षण कार्यक्रम के विभिन्न चरणों की विस्तृत जानकारी दी गई। ईआरओ ने बताया कि विशेष गहन



पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के दूसरे चरण के अंतर्गत 23 दिसम्बर को निर्वाचक नामावली के प्रारंभिक प्रकाशन के उपरांत दावा-आपत्ति प्राप्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों से अब तक नाम जोड़ने हेतु कुल 239 फार्म-6 ऑनलाइन प्राप्त हुए हैं। इनमें विधानसभा क्षेत्र 68 साजा से 108, 69 बेमेतरा से 71 तथा 70 नवागढ़ से 60 फार्म-6 शामिल हैं। बैठक में विधानसभा क्षेत्र 69 बेमेतरा के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, विधानसभा क्षेत्र 70 नवागढ़ की निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सुश्री दिव्या पोटाई एवं विधानसभा क्षेत्र 68 साजा की निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सुश्री हर्षलता वर्मा ने उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को पुनरीक्षण कार्यक्रम की समय-सीमा, प्रक्रियाओं तथा आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही, अब तक प्राप्त सभी दावा एवं आपत्तियों की सूची साझा की गई। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों ने बताया कि प्राप्त सभी दावा एवं आपत्तियों की सूची मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़, रायपुर की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी, ताकि आम नागरिक सूची का अवलोकन कर सकें और यदि आवश्यक हो तो निर्धारित अवधि में संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के समक्ष आपत्ति दर्ज करा सकें। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से विशेष रूप से अनुरोध किया गया कि वे सर्वे में छूटे हुए पात्र मतदाताओं, साथ ही 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर 2026 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले भावी मतदाताओं को फार्म-6 भरने हेतु प्रेरित एवं सहयोग प्रदान करें, जिससे जिले में शत-प्रतिशत पात्र नागरिकों का नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित किया जा सके।

# कोदवा में श्रद्धा व उल्लास से मनी संत गुरु घासीदास की जयंती

## गुरु घासीदास बाबा जयंती समारोह में शामिल हुए पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कोदवा में परम पूज्य संत गुरु घासीदास बाबा की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। आयोजित समारोह में पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामवासियों एवं समाजजनों को संबोधित करते हुए बाबा गुरु घासीदास के जीवन-दर्शन और उनके संदेशों पर प्रकाश डाला।

पूर्व विधायक छाबड़ा ने कहा कि संत गुरु घासीदास का जन्म ऐसे दौर में हुआ, जब समाज में छुआछूत, ऊंच-नीच और असमानता व्याप्त थी। ऐसे समय में उन्होंने 'मनखे-मनखे एक समान' का संदेश देकर सामाजिक समरसता, भाईचारे और एकता की मजबूत नींव रखी। बाबा



गुरु घासीदास ने सत्य, अहिंसा, करुणा और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी, जो आज भी उतनी ही प्रासंगिक है।

उन्होंने कहा कि बाबा ने सात्विक और सादा जीवन जीने का संदेश दिया तथा नशा-पान से दूर रहने का आह्वान किया। सत्य की आराधना के साथ उन्होंने समाज में व्याप्त कुप्रथाओं का विरोध किया और अपनी तपस्या से प्राप्त ज्ञान व शक्ति का उपयोग मानव सेवा में किया। इसी कारण लाखों लोग उनके अनुयायी बने और उनका जीवन-दर्शन युगों तक मानवता को दिशा देता रहेगा। समारोह में समाज के वरिष्ठजनों ने भी संत गुरु घासीदास के विचारों को अपनाने और नई पीढ़ी तक उनके संदेश पहुंचाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान भजन, विचार गोष्ठी और सामाजिक एकता के संदेशों ने वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर ओम वर्मा, बलराम पटेल, झग्गर चंदेल, मनोहर साहू, राजकुमार वर्मा, मोतीराम, विनोद शर्मा, सुग्रीव मारकंडे, श्याम बंजारे, गोकुल पारकर, पंचराम कुर्रे, केशव वर्मा, रूपेंद्र वैष्णव, प्रेमलाल, टिकेश्वर कुर्रे, संतु कोसले, द्वारकादास बंजारे, अमरिका बारले, जगमोहन बंजारे, चेतन भारती, जितेंद्र कुर्रे, भरत दास, प्रहलाद साहू, अंबिका बारले, आरिफ खान सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## जेवरी संकुल के शिक्षकों के लिए 5 दिवसीय कार्यशाला संपन्न

# वर्तमान शिक्षा व्यवस्था का बेहतर विकल्प है चेतना विकास मूल्य शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप स्कूली शिक्षा में मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) रायपुर, छत्तीसगढ़ द्वारा 22 से 26 दिसंबर 2025 तक समाधान महाविद्यालय, बेमेतरा में पाँच दिवसीय चेतना विकास मूल्य शिक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में जेवरी संकुल अंतर्गत ग्राम फरी, बीजाभाट, अमोरा एवं जेवरी के शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाओं के प्रधान पाठक, सहायक शिक्षक एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हुए। कार्यशाला के प्रथम दिवस डाइट बेमेतरा के वरिष्ठ व्याख्याता थलज कुमार साहू, जी.एल. खुटियारे तथा अतिथि के रूप में बीआरसीसी बेरला डॉ. कमलेश निषाद ने



प्रतिभागियों को संबोधित किया। विषय विशेषज्ञ प्रबोधक के रूप में मुकेश देवांगन, शशि तिवारी, डॉ. अवधेश पटेल (डायरेक्टर, समाधान महाविद्यालय) एवं सुश्री भावना मालिक ने सतत विकास लक्ष्य एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों के संदर्भ में चेतना विकास मूल्य शिक्षा के महत्व को विस्तार से समझाया। कार्यशाला में मध्यस्थ दर्शन सह अस्तित्ववाद के प्रणेता श्रद्धेय ए. नागराज जी द्वारा प्रतिपादित चेतना विकास मूल्य शिक्षा पर विशेष चर्चा की गई, जिसमें सार्वभौमिक, सार्वदेशीय एवं सार्वकालिक मानवीय मूल्यों के माध्यम से स्वयं, परिवार, समाज, प्रकृति एवं अस्तित्व में व्यवस्था और संतुलन को समझाने पर बल दिया गया।वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान शिक्षा में मानव का अध्ययन केवल शरीर तक सीमित है, जबकि चेतना विकास मूल्य शिक्षा मानव को एक चैतन्य इकाई के रूप में वैज्ञानिक दृष्टि से समझने का अवसर प्रदान करती है।

### कई विषयों पर हुई सार्थक चर्चा

कार्यशाला के दौरान निरंतर सुख, मानव की आवश्यकताएं, प्रकृति की चार अवस्थाएं तथा परिवार, समाज और राष्ट्र के संतुलित विकास जैसे विषयों पर सार्थक विचार-विमर्श हुआ। समापन अवसर पर कल्पेश वरु एवं अनामिका वरु ने शिक्षकों के समक्ष चेतना विकास मूल्य शिक्षा के माध्यम से सार्थक जीवन जीने का मॉडल एवं परिवार मूलक स्वराज्य व्यवस्था का चित्रण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सहायक संचालक, जिला शिक्षा विभाग बेमेतरा एसपी कोसले उपस्थित रहे और कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए आयोजकों एवं प्रतिभागियों को बधाई दी।

### शिक्षक का आचरण ही बच्चों में परिवर्तन की कुंजीः साहू

मूल्यांकन सत्र में शिक्षकों ने कार्यशाला को अत्यंत उपयोगी बताते हुए भविष्य में ऐसे प्रशिक्षणों में भाग लेने की सहमति व्यक्त की। शिक्षिका मीना तिवारी ने कहा कि इससे मानव एवं शिक्षा के वास्तविक लक्ष्य की स्पष्ट समझ बनी। उमा भारती साहू ने इसे सुखद, सरल और शांतिपूर्ण जीवन की दिशा में मार्गदर्शक बताया। वहीं रुकेश साहू ने शिक्षक के आचरण को बच्चों में परिवर्तन की कुंजी बताया। संकुल समन्वयक हरनारायण रात्रे सहित अन्य शिक्षकों ने भी चेतना विकास मूल्य शिक्षा को बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए आवश्यक बताया। अंत में सभी विषय विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के शिविरों से जुड़े रहने का आह्वान किया।

# उज्ज्वला 3.0 के तहत निःशुल्क गैस कनेक्शन का वितरण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

ब्लॉक बेरला अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बोरसी में इंड़ेन गैस एजेंसी द्वारा उज्ज्वला 3.0 के तहत निः शुल्क गैस कनेक्शन का वितरण ग्राम पंचायत भवन बोरसी में किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम बोरसी के सरपंच हेमंत कुमार वर्मा ने महिला लाभार्थियों का लड्डू से मुँह मीठा कर स्वागत किया और गैस के उपयोग के बारे में जानकारी दी। साथ ही उपस्थित सभी महिलाओं को खाना पकाने गैस का उपयोग करने कहा। कार्यक्रम में भुतपूर्व जनपद पंचायत प्रतिनिधि देवेंद्र साहू, वरिष्ठ नागरिक सुशीला पाटिल, पंच शेखर वर्मा के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। इंडेन गैस एजेंसी द्वारा घर-घर जाकर गैस कनेक्शन का इंस्टालेशन किया गया।